दूरभाष: 9473942735
Email ID: ee2pdjalnigamknp@yahoo.in

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय, उत्तर प्रदेश जलनिगम(ग्रामीण)
पनकी रॉ वाटर इन्टेक परिसर, अर्मापुर,
कालपी रोड, कानपुर नगर–208009

पत्रांकः 1895/ W-13 /242 दिनांक 29/05/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः दैनिक भास्कर समाचार पत्र के ऑनलाइन संस्करण में प्रकाशित खबर "मक्का पुरवा में जल जीवन मिशन की टंकी अधूरीः दो साल से ग्रामीण पानी को तरस रहे" के सम्बन्ध में।**


महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र के ऑनलाइन संस्करण में 28 मई 2026 को प्रकाशित खबर 'मक्का पुरवा में जल जीवन मिशन की टंकी अधूरीः दो साल से ग्रामीण पानी को तरस रहे" शिवराजपुर ब्लॉक के दिनकर पुर पेयजल योजना के मजरे मक्का पुरवा में जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकी के अधूरे निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया, के सम्बन्ध में लिखा गया है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत आंवटित फर्म M/s VSA Infra Projects Private Limited & SMC Infrastructure Pvt. Ltd. (JV), Hyderabad द्वारा पेयजल योजना निर्माण का कार्य दिनांक 08.09.2021 से प्रारम्भ किया गया। योजना के अन्तर्गत ओ0एच0टी0, 175KL/12m स्टेजिंग का निर्माण हाफ स्टेजिंग तक पूर्ण है। पम्पहाउस का निर्माण 80 प्रतिशत पूर्ण है तथा सोलर फाउडेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। पाइपलाइन बिछाने का कार्य 4608 मी0 के सापेक्ष 4290 मी0 पूर्ण है तथा गृह सयोजन 415 नग के सापेक्ष 205 नग MDPE लगाने का कार्य पूर्ण है। साथ ही अवगत कराना है कि भारत सरकार से विगत लगभग 18 माह से धनावंटन न होने के कारण योजना के निर्माण की प्रगति प्रभावित हुई है साथ ही अवगत कराना है कि भारत सरकार की इस योजना को पूर्ण करने की तिथि दिसम्बर 2028 तक विस्तारित की गयी है। जनपद अन्तर्गत जिन योजनाओं की भौतिक प्रगति 90% या उससे अधिक है उन योजनाओं को अनुरक्षण मद में लिये जाने पर वरीयता दी जा रही है। इन परियोजनाओं को पूर्णता की श्रेणी में लाने का प्रयास किया जा रहा है जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सके। भारत सरकार से जैसे ही धनावंटन होगा तो दिनकरपुर पेयजल योजना को शीघ्र पूर्ण किया जायेगा।

उपरोक्त ऑनलाइन संस्करण में प्रकाशित खबर के सन्दर्भ में सम्बन्धित फर्म M/s VSA Infra Projects Private Limited & SMC Infrastructure Pvt. Ltd. (JV), Hyderabad को समस्त अवशेष कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने हेतु निर्देशित कर दिया गया है जिससे समस्त ग्रामवासियों को इस योजना का लाभ प्राप्त हो सके।

Scanned with OKEN Scanner






भवदीय

(एम0 के0 सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

<u>पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसारः</u>

**प्रतिलिपि निम्न लिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।**

1. निजी सचिव प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, कानपुर नगर।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, कानपुर नगर।
4. मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।
5. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।

**अधिशासी अभियन्ता**

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय, उत्तर प्रदेश जलनिगम(ग्रामीण)
पनकी रॉ वाटर इन्टेक परिसर, अर्मापुर,
कालपी रोड, कानपुर नगर–208009

दूरभाष: 9473942735
Email ID: ee2pdjalnigamknp@yahoo.in

पत्रांक: 1895/ W-13 /242 दिनांक 29/05/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय: **दैनिक भास्कर समाचार पत्र के ऑनलाइन संस्करण में प्रकाशित खबर "मक्का पुरवा में जल जीवन मिशन की टंकी अधूरी: दो साल से ग्रामीण पानी को तरस रहे" के सम्बन्ध में।**


महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र के ऑनलाइन संस्करण में **28 मई 2026 को प्रकाशित खबर 'मक्का पुरवा में जल जीवन मिशन की टंकी अधूरी: दो साल से ग्रामीण पानी को तरस रहे" शिवराजपुर ब्लॉक के दिनकर पुर पेयजल योजना के मजरे मक्का पुरवा में जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकी के अधूरे निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया,** के सम्बन्ध में लिखा गया है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत आंवटित फर्म M/s VSA Infra Projects Private Limited & SMC Infrastructure Pvt. Ltd. (JV), Hyderabad द्वारा पेयजल योजना निर्माण का कार्य दिनांक 08.09.2021 से प्रारम्भ किया गया। योजना के अन्तर्गत ओ0एच0टी0, 175KL/12m स्टेजिंग का निर्माण हाफ स्टेजिंग तक पूर्ण है। पम्पहाउस का निर्माण 80 प्रतिशत पूर्ण है तथा सोलर फाउडेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। पाइपलाइन बिछाने का कार्य 4608 मी0 के सापेक्ष 4290 मी0 पूर्ण है तथा गृह सयोजन 415 नग के सापेक्ष 205 नग MDPE लगाने का कार्य पूर्ण है। साथ ही अवगत कराना है कि भारत सरकार से विगत लगभग 18 माह से धनावंटन न होने के कारण योजना के निर्माण की प्रगति प्रभावित हुई है साथ ही अवगत कराना है कि भारत सरकार की इस योजना को पूर्ण करने की तिथि दिसम्बर 2028 तक विस्तारित की गयी है। जनपद अन्तर्गत जिन योजनाओं की भौतिक प्रगति 90% या उससे अधिक है उन योजनाओं को अनुरक्षण मद में लिये जाने पर वरीयता दी जा रही है। इन परियोजनाओं को पूर्णता की श्रेणी में लाने का प्रयास किया जा रहा है जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सके। भारत सरकार से जैसे ही धनावंटन होगा तो दिनकरपुर पेयजल योजना को शीध्र पूर्ण किया जायेगा।

उपरोक्त ऑनलाइन संस्करण में प्रकाशित खबर के सन्दर्भ में सम्बन्धित फर्म M/s VSA Infra Projects Private Limited & SMC Infrastructure Pvt. Ltd. (JV), Hyderabad को समस्त अवशेष कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने हेतु निर्देशित कर दिया गया है जिससे समस्त ग्रामवासियों को इस योजना का लाभ प्राप्त हो सके।

Scanned with OKEN Scanner


भवदीय

(एम0 के0 सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

<u>पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसारः</u>

**प्रतिलिपि निम्न लिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।**

1. निजी सचिव प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, कानपुर नगर।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, कानपुर नगर।
4. मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।
5. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।

**अधिशासी अभियन्ता**

Scanned with OKEN Scanner